◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

अपराध

हजारीबाग में पुलिस ने लंबित मामलों की त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष निर्देश जारी



दिनांक 03-11-2026 को हजारीबाग जिले के एसपी अमन कुमार ने पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, पुलिस निरीक्षक, पेलावल अंचल, प्रभारी पेलावल ओपी की उपस्थिति में सभी पुराने व नए मामलों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया। कटकमदाग, कटकमसांडी और पेलावल थानों में जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की-जब्ती के मामलों को विशेष अभियान के माध्यम से निपटाने का आदेश दिया गया।

प्रत्येक सोमवार को थाने में सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री के स्थानों की पहचान कर उन पर विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

संगठित अपराध से संबंधित सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। साथ ही थानों में आम जनता की समस्याओं को सुना जाएगा और समय पर समाधान किया जाएगा।

जमीन विवाद से जुड़े सभी लंबित मामलों की थाना दिवस में समीक्षा कर अंचल एवं अनुमण्डल अधिकारी को पत्राचार के लिए अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

हजारीबाग में 04 नवम्बर को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण हेतु BLO-BLA-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन



हजारीबाग जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर 04 नवम्बर 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक BLO-BLA-2 की पांचवीं बैठक तथा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रपत्र-2 में अंकित नोटिस एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण न करने वाले मतदाताओं की नामवार सूची प्रकाशित की जाएगी। प्रकाशित सूची को बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं आम नागरिकों के समक्ष पढ़कर सुनाया जाएगा।

बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची से छूटने न पाए तथा कोई अपात्र अथवा विदेशी नागरिक सूची में शामिल न हो।

हजारीबाग के जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमन्त सती के निर्देशानुसार सभी निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी एवं सहायक तथा अतिरिक्त सहायक पदाधिकारी 20-बरकट्ठा, 21-बरही, 24-माण्डू एवं 25-हजारीबाग को बैठक के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने दल के BLA-2 को बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने के लिए निर्देशित करें तथा निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित बैठकों का क्षेत्र निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँ।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

अपराध

हजारीबाग में अड्डेबाजी व मनचले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान



हजारीबाग जिले के एसपी अमन कुमार के आदेशानुसार 2 नवंबर 2026 की रात्रि में अड्डेबाजी एवं मनचले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

इस अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारी की उपस्थिति में कुल 45 टीमों का गठन किया गया, जिसमें 191 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे।

गठित टीमों ने 108 विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की और इस दौरान 47 मनचले व्यक्तियों को थाने में लाकर पीआर बांड पर चेतावनी देते हुए रिहा किया गया।

पुलिस ने आगे भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया तथा आम जनता से अनुरोध किया कि ऐसे किसी भी व्यक्ति या अड्डेबाजी की जगह की सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

अपराध

दो साल से फरार शंकर रवानी हत्याकांड का आरोपी BGH के पास से पुलिस ने किया गिरफ्तार



बोकारो। हरला थाना क्षेत्र के चर्चित शंकर रवानी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी नागेश्वर सिंह को बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को बोकारो जनरल अस्पताल (BGH) के पास से गिरफ्तार किया।

आरोपी चैताटांड़ महुआर का रहने वाला बताया जा रहा है। हत्याकांड के बाद से ही वह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ बोकारो न्यायालय से अजमानतीय वारंट भी जारी किया गया था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार नागेश्वर सिंह के खिलाफ हरला थाना में पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें मारपीट, छेड़छाड़, चोरी, धमकी और दहेज से जुड़े मामले शामिल हैं।

सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दो साल से पुलिस की पकड़ से बाहर आरोपी आखिरकार गिरफ्तार!

— Nitish Kumar Sinha, बोकारो

स्थानीय

झारखंड के हजारीबाग में 4-5 नवंबर को आयोजित सोहराय महोत्सव 2026



सोहराय महोत्सव 2026 की तैयारियां तेज़ हो गई हैं, यह महोत्सव झारखंड की समृद्ध लोककला, संस्कृति और परम्पराओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 4 व 5 नवंबर को हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज फुटबॉल मैदान में आयोजित होगा।

आयोजन समिति और हो एंटरटेनमेंट कल्चरल टीम के सदस्य मंच निर्माण, सजावट और विभिन्न स्टॉल की व्यवस्था को अंतिम रूप दे रहे हैं। महोत्सव में नागपुरी एवं खोरठा कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारम्परिक लोकगीत-लोकनृत्य, आकर्षक फैशन शो, हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी तथा झारखंडी व्यंजनों के स्टॉल शामिल होंगे।

फैशन शो के लिये मंगलवार को ग्रूमिंग क्लास आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 25-30 प्रतिभागियों ने भाग लिया और उन्हें शो से संबंधित आवश्यक जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

आयोजन समिति का कहना है कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य झारखंड की लोकसंस्कृति, कला और सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाना तथा स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने शहरवासियों, युवाओं और कला-संस्कृति प्रेमियों से अपील की है कि वे इस दो दिवसीय महोत्सव में भाग लेकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का आनंद लें।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

बरकट्ठा में केंद्रीय विद्यालय की सौगात से हुआ भव्य स्वागत



बरकट्ठा के केंद्रीय विद्यालय ने अपने पहले बैच के विद्यार्थियों को सौगात के रूप में नवीनतम शैक्षणिक उपकरण और पुस्तकें भेंट की।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रमुख, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सौगात के साथ ही विद्यार्थियों को प्रेरणादायक भाषण सुनाया गया और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया।

— Rohit Kumar Yadav

स्थानीय

केरेडारी कोल माइंस में ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल: बोनस न मिलने पर प्रबंधन पर रोष



हजारीबाग से रिपोर्टर:आकाश भारती की रिपोर्ट

केरेडारी कोल माइंस में ड्राइवरों ने 3 वर्ष से बोनस न मिलने के कारण 3 नवम्बर 2026 को सुबह 6 बजे से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। यह हड़ताल एनटीपीसी एनएमएल की एमडीओ कंपनी बीजीआर के ड्राइवरों द्वारा की गई है।

केरेडारी कोल माइंस में ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल: बोनस न मिलने पर प्रबंधन पर रोष



हजारीबाग से रिपोर्टर:आकाश भारती की रिपोर्ट

केरेडारी कोल माइंस में ड्राइवरों ने 3 वर्ष से बोनस न मिलने के कारण 3 नवम्बर 2026 को सुबह 6 बजे से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। यह हड़ताल एनटीपीसी एनएमएल की एमडीओ कंपनी बीजीआर के ड्राइवरों द्वारा की गई है।

मजदूरों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से बोनस का भुगतान नहीं किया गया है और बार-बार कंपनी प्रबंधन से मांग करने पर केवल झूठे आश्वासन मिले हैं। वे स्पष्ट कर रहे हैं कि बोनस उनका वैध अधिकार है और जब तक बीजीआर प्रबंधन लिखित निर्णय नहीं लेता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

प्रबंधन ने अब तक कोई वार्ता की पहल नहीं की है, जिससे मजदूरों में गहरा रोष बढ़ रहा है। ड्राइवरों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों पर डटे हुए हैं और प्रबंधन पर लगातार टालमटोल की निंदा की है।

इस हड़ताल के कारण कोयला परिवहन और खनन कार्य ठप हो गया है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन और श्रम विभाग को भी इस घटना की जानकारी दी गई है। प्रबंधन से उम्मीद है कि वे शीघ्र वार्ता शुरू करेंगे, अन्यथा आंदोलन और भी उग्र हो सकता है।

— Akash Bharti, हजारीबाग

राजनीति

भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा हजारीबाग में, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि



हजारीबाग में आज दोपहर ११ बजे जिला स्कूल मैदान, झील रोड से भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा का आरम्भ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र की सुरक्षा और अराजकता के उन्मूलन का संदेश देना था।

पदयात्रा में पार्टी के विभिन्न स्तर के कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक भागीदारी कर रहे थे। सभी ने एक साथ 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' का नारा दोहराते हुए मंच की ओर बढ़ते हुए समर्थन व्यक्त किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस पदयात्रा की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा तथा सामाजिक शांति की आवश्यकता पर बल दिया।

पदयात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह ने मंत्रियों और कार्यकारियों के साथ संवाद स्थापित किया और भविष्य में शांति एवं विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

बिमरला मेले में बड़ी भीड़ और उत्सव का माहौल



बिमरला में आयोजित मेले ने इस क्षेत्र के निवासियों को आकर्षित किया, जहाँ कई प्रकार की सांस्कृतिक और व्यावसायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मेले की विविधता का आनंद ले रहे थे, और विभिन्न वस्तुओं एवं खाद्य पदार्थों की खरीदारी कर रहे थे।

मेले के दौरान स्थानीय कलाकारों ने पारम्परिक संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों से माहौल को और भी जीवंत बना दिया, जिससे उपस्थित सभी लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

— Manoj Kumar

खेल

रायपुर में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के रौनक ने जीता स्वर्ण पदक



मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल के बाल कराटे खिलाड़ी रौनक कुमार ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रौनक ने फाइट इवेंट के 25 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

यह प्रतियोगिता 1 नवंबर को रायपुर के चांदखोरी स्थित श्री राम राजा माता कौशल्या धाम के हॉल में शोतो-कान स्पोर्ट्स कराटे डू इंडिया एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ और झारखंड सहित देश के कुल 18 राज्यों के कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

रौनक की इस उपलब्धि पर संत मरियम स्कूल परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

— Shamsher Ansari

अपराध

जामशेदपुर में कल रात गोलीबारी की सूचना



जामशेदपुर, झारखंड – कल रात शहर में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का सर्वेक्षण किया।


पुलिस ने बताया कि वर्तमान में मामले की जांच चल रही है और संभावित कारणों एवं जिम्मेदारों की पहचान के लिए सभी संभावित साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

अभी तक इस घटना में कोई चोटिल या मृतक की पुष्टि नहीं हुई है, और अधिक जानकारी मिलने पर सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाएगा।

— Aman Thakur, जमशेदपुर

स्थानीय

एनटीपीसी पर 25 करोड़ रुपये के नुकसान का आरोप, डायनामाइट से उड़ाया पानी का टावर



हजारीबाग के केरेडारी और बड़कागांव क्षेत्र में एनटीपीसी (NTPC) के खनन कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ताजा मामला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पानी के टावर को डायनामाइट से ध्वस्त किए जाने का है, जिसके बाद राज्य सरकार ने एनटीपीसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है।

एनटीपीसी की इस कार्रवाई पर तीखा ऐतराज जताया है। मंत्री का आरोप है कि कंपनी ने विभाग को बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के करोड़ों रुपये की लागत से बने पानी के टावर को विस्फोट से उड़ा दिया। मंत्री के मुताबिक, इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत के कारण राज्य सरकार को करीब 25 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केरेडारी थाने में आधिकारिक रूप से एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

दूसरी ओर, एनटीपीसी प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि जिस भूमि पर पानी का टावर स्थित था, वह अधिग्रहित खनन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। कंपनी का दावा है कि इस कार्रवाई और संरचना को हटाने से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन को पहले ही दी जा चुकी थी। अब देखना यह होगा कि इस उच्चस्तरीय विवाद और एफआईआर के बाद जिला प्रशासन और राज्य सरकार इस पर क्या ठोस कदम उठाती है।

— Akash Bharti, हजारीबाग

राजनीति

हजारीबाग: चंद्रगुप्त कोल परियोजना में विधायक रोशनलाल चौधरी के समर्थन से आंदोलन को मिली बल, खनन कार्य ठप



हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में स्थित सीसीएल (CCL) की चंद्रगुप्त कोल परियोजना में स्थानीय बेरोजगार युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। एमडीओ कंपनी 'सुशी इंफ्रा' द्वारा स्थानीय रैयतों को रोजगार देने में की गई अनदेखी के खिलाफ सैकड़ों युवाओं ने 1 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था, जिसके चलते 2 नवंबर को परियोजना का खनन कार्य पूरी तरह से ठप हो गया। पचड़ा, बुकरू और नायखाप गांव के युवाओं का आरोप है कि कंपनी ने लिखित वादों के बावजूद लगभग 85 प्रतिशत बाहरी लोगों को काम पर रखा है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

आंदोलन को बड़ी ताकत तब मिली, जब बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी धरना स्थल पर पहुंचकर युवाओं के समर्थन में उतरे। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन और सुशी इंफ्रा के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस क्षेत्र से देश के लिए रिकॉर्ड कोयला उत्पादन हो रहा है, लेकिन मूल निवासियों को अपने हक की रोटी के लिए धरना देना पड़ रहा है। विधायक ने स्पष्ट किया कि जब तक कंपनी स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का रोडमैप तैयार नहीं करती, तब तक यह आंदोलन नहीं रुकेगा।

प्रशासन की रात की कार्रवाई ने स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया। युवाओं के अनुसार, शाम ढलते ही पगार ओपी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से बैठे युवाओं को डरा-धमकाकर जबरन हटाने लगे। पुलिस द्वारा सैकड़ों युवाओं को हिरासत में लेकर थाने ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे जनता का गुस्सा और भड़क गया।

वायरल वीडियो और पुलिस की कार्रवाई के बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने प्रशासन को चेतावनी दी है। क्षेत्र में तनावपूर्ण लेकिन एकजुट माहौल बना हुआ है और अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विधायक के कड़े समर्थन के बाद प्रबंधन क्या नया पैंतरा अपनाता है या युवाओं को उनका जायज हक मिल पाता है।

— Akash Bharti

गम्हरिया थाने में महिला दुष्कर्म के विरोध में पाकुड़िया में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, हेमंत सोरेन का पुतला दहन



पाकुड़िया में गम्हरिया थाने में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के विरोध में आज भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब थाने में ही महिला सुरक्षित नहीं है, तो सरकार को गद्दी छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 'मैया सम्मान' योजना के नाम पर लोगों को सिर्फ ठगा जा रहा है।

पुलिस प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 15 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। इसके अलावा, घटना के संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

पाकुड़ में जिला स्तरीय युवा संसद व विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन

पाकुड़ में 4 नवंबर को जिला स्तरीय युवा संसद तथा 5 नवंबर को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को अपने विचार, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत लोक नृत्य, लोक गीत, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक और कविता लेखन जैसी विविध सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागी अपनी कला कौशल तथा सामाजिक जागरूकता को प्रदर्शित कर सकेंगे।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सक्रिय नागरिक बनाना और विकसित भारत के निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित करना है। इच्छुक युवा नीचे दिए गए लिंक पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण लिंक:

https://forms.gle/skpKff1QRB3aYuqu5

— Jai Prakash Bhagat

खेल

हजारीबाग में बालिका बैडमिन्टन प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन, 25 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा आवासीय सुविधा



हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में स्थित आवासीय बालिका बैडमिन्टन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ 02 नवंबर 2026, सोमवार को हजारीबाग जिले के डीसी हेमन्त सती ने फीता काटकर किया।

उपायुक्त ने परिसर का निरीक्षण करते हुए हॉस्टल, किचेन, बिस्तर, बिजली व्यवस्था आदि बुनियादी सुविधाओं की जाँच की और खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

माध्यम से राज्य भर की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण बैडमिन्टन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा और वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिला व राज्य का नाम रोशन करेंगी।

यह केन्द्र झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के अंतर्गत संचालित है और इसमें 25 बालिका खिलाड़ियों के आवास, भोजन एवं खेल प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था है। राज्यस्तरीय ट्रायल एवं टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को यह सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

वृद्ध व विकलांग परेशान,आठ माह से नहीं मिला पेंशन, प्रखंड के काट रहे हैं चक्कर



पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करे सरकार, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : जगदीश गुप्ता

तमाड प्रखंड क्षेत्र में विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन के भुगतान में हो रही देरी से लाभुकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पिछले सात-आठ महीनों से पेंशन मिलने का इंतजार कर रहे सारजमडीह और बीरगांव पंचायत के बुजुर्ग सोमवार को अपनी समस्याएं लेकर तमाड़ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। बुजुर्गों को उम्मीद थी कि इस बार उनकी समस्या का समाधान होगा। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में मौजूद नहीं रहने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद निराश होकर सभी बुजुर्गों को वापस घर लौटना पड़ा।


आजसू नेता जगदीश गुप्ता ने बताया कि पेंशन की आस में 80 से 90 वर्ष तक के बुजुर्ग कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। उन्हें हर महीने उम्मीद रहती है। कि इस बार पेंशन की राशि खाते में आ जाएगी। लेकिन इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि सारजमडीह पंचायत के काली चरण हजाम (80 वर्ष), रुक्मणी देवी (77), वंशी सेठ (83), रामगोपाल साहू (80), पंचमी देवी (86), भीम हजाम (80), गंगामनी देवी (90), काली चरण सेट (84), भानुमति देवी (82), गुरुवारी देवी (85), सोमवारी देवी (80), वीणा देवी (63), भुवन देवी (80), रोहिणी देवी (82), जानकी देवी (56), गणपत महतो (66) और बसंती देवी सहित अन्य लाभुक पेंशन के इंतजार में हैं।

जगदीश गुप्ता ने कहा कि कई बुजुर्ग ऐसे हैं, जिन्हें ठीक से चलने-फिरने में भी परेशानी होती है। इसके बावजूद वे अपनी समस्याएं लेकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से गरीब,असहाय, विधवा, वृद्ध और दिव्यांग लाभुकों को मिलने वाली 1000 रुपये की पेंशन नियमित रूप से क्यों नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि गरीब बुजुर्गों के लिए एक हजार रुपये भी काफी मायने रखते हैं।

उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से सभी लंबित पेंशन का जल्द भुगतान कराने और हर महीने समय पर पेंशन देना सुनिश्चित करने की मांग की। यदि पेंशन भुगतान की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आजसू पार्टी लाभुकों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

— Mukesh Kumar Gupta, रांची

हजारीबाग-बगोदर के राष्ट्रीय उच्च पथ पर पेड़ हटाने के अनुमति पत्र में वन विभाग की लापरवाही



राष्ट्रीय उच्च पथ (NH 522) के हजारीबाग से बगोदर तक के खंड में सभी सूखे और संभावित खतरनाक पेड़ों को हटाने के लिये कार्यपालक अभियंता ने अनुमति पत्र जारी किया था। यह पत्र वन विभाग के पूर्वी DFO, विकास कुमार उज्जवल के पास दो महीने से लंबित है।

DFO महोदय ने पूछताछ पर कहा कि वे अनुमति देने में सक्षम नहीं हैं, जबकि अभियंता ने स्पष्ट रूप से यह पत्र जारी किया था। इस विरोधाभास से यह प्रश्न उठता है कि अनुमति देने का अधिकार किस अधिकारी के पास है और जब अधिकार नहीं है तो पत्र को सक्षम अधिकारी तक क्यों नहीं भेजा गया।

वर्तमान में पत्र लटकाने के पीछे का उद्देश्य अस्पष्ट है और यह संकेत देता है कि प्रक्रिया में टाल-मटोल हो रहा है। इस देरी के कारण राष्ट्रीय उच्च पथ पर सुरक्षित यात्रा को खतरा उत्पन्न हो रहा है, क्योंकि खतरा संभावित पेड़ अभी भी सड़क के किनारे मौजूद हैं।

स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि आवश्यक पेड़ हटाने का कार्य तुरंत शुरू हो सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

सात महीने से वेतन नहीं मिलने पर सिटिजन फाउंडेशन अड़की अस्पताल की ओपीडी बंद



सात महीने से वेतन नहीं मिलने पर सिटिजन फाउंडेशन अड़की अस्पताल की ओपीडी बंद

कर्मचारियों के वेतन संकट का असर दिखने लगा है। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा सिटिजन फाउंडेशन के माध्यम से संचालित अस्पताल के कर्मचारियों को पिछले सात महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण सोमवार को ओपीडी सेवा बंद रखी गई। इससे इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को बिना उपचार के लौटना पड़ा। हालांकि, आईपीडी सेवा चालू रही।अस्पताल में प्रतिदिन करीब 80 से 100 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सात महीने से वेतन नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।कर्मचारियों ने खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा को पत्र लिखकर बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की है। उनका आरोप है कि सिटिजन फाउंडेशन ने पिछले 20 महीने के कार्यकाल में उन्हें केवल तीन बार भुगतान किया गया है। वहीं, सफाईकर्मी जयवंती सोय ने बकाया वेतन के भुगतान के साथ मानदेय बढ़ाने की भी मांग की गई थी लेकिन मानदेय का भी बढ़ोतरी नहीं है है । वही मानदेय के। मामले में कर्मचारियों ने बताया कि, बार-बार आश्वासन के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

— Mukesh Kumar Gupta, रांची

अपराध

हजारीबाग में अपहृत युवक का बचाव, काले स्कॉर्पियो व क्रेटा कार बरामद



हजारीबाग पुलिस ने 01 नवंबर 2026 को अपहृत युवक को सुरक्षित किया और काले रंग की स्कॉर्पियो (JH02AU-4625) तथा काले रंग की क्रेटा कार (JH02BK-3586) के साथ पेन ड्राइव बरामद की।

चरही थाना कांड संख्या 88/26 के तहत धारा 140(3)/3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

संदिग्धों में राजेश यादव (पिता बासुदेव यादव, ग्राम भटबिगहा, थाना चौपारण), विक्की कुमार (पिता जयप्रकाश महतो, ग्राम जमुवारी, थाना ईचाक), आनंद कुमार महतो (पिता नागेश्वर प्रसाद महतो, ग्राम दाढ़ीघाघर, थाना ईचाक), दीलीप प्रसाद महतो (पिता चंद्रेश्वर प्रसाद महतो, ग्राम बड़ासी, थाना मुफस्सिल), मनीष कुमार (पिता खालेश्वर महतो, ग्राम अलौंजा खुर्द, थाना ईचाक) शामिल हैं।

हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

झारखण्ड सहायक कारापाल शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों के लिए हजारीबाग पुलिस केन्द्र में आवास व्यवस्था



झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सहायक कारापाल शारीरिक दक्षता परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं।

परीक्षा के दौरान कई अभ्यर्थियों को आवास की समस्या का सामना करना पड़ा। हजारीबाग जिले के एसपी अमन कुमार को फोन कर अभ्यर्थियों ने यह समस्या बताई।

एसपी अमन कुमार के निर्देशन में हजारीबाग पुलिस केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिये आवास की व्यवस्था की गई।

जिन अभ्यर्थियों को आवास नहीं मिल पा रहा है, वे पुलिस केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर: +91 77830 69620।

आयोग ने भी इस व्यवस्था को समर्थन दिया है, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा में भाग लेने में सुविधा होगी।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

ज्योति कोचिंग सेंटर*



Goilkera, West Singhbhum,gaon *Jatisereng* me shiksha ke kshetra me ek nayi pahal dekhne ko mili hai. gaon ke bachchon ke bhavishya ko sawarne ke liye *"Jyoti Coaching Centre"* ki shuruaat ki hai.

Is centre me vartaman me *kaksha 1 se 8 tak ke 15 bacche* adhyayan kar rahe hain. Yaha Ganit, Vigyan, Hindi, Angreji sabhi vishayon ki taiyari karwai ja rahi hai. Centre ke sanchalak ka kehna hai ki unka uddeshya gaon ke garib aur jaruratmand bachchon ko kam shulk par gunvattapoorn shiksha dena hai.

"Gaon me tuition ki suvidha na hone se bachchon ko Goilkera jana padta tha. Isliye socha ki gaon me hi bachchon ko padhaya jaye," - Sanchalak ne bataya.

— Bikram Hembrom

चतरा में जेटेट-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न, 9,428 अभ्यर्थी उपस्थित



चतरा जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट-2026) दो पालियों में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रूप से संपन्न हुई। कुल 12,268 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 9,428 ने परीक्षा दी, जबकि 2,840 अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली (उच्च प्राथमिक स्तर, कक्षा 6-8) में पंजीकृत 7,103 अभ्यर्थियों में से 5,490 उपस्थित हुए और 1,613 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली (प्राथमिक स्तर, कक्षा 1-5) में पंजीकृत 5,165 में से 3,938 ने परीक्षा दी, जबकि 1,227 अनुपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने परीक्षा से पूर्व पुख्ता तैयारियां की थीं। उपायुक्त श्री रवि आनंद के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सभी केंद्राधीक्षकों को सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था और झारखंड अधिविद्य परिषद के दिशा-निर्देशों के पालन का निर्देश दिया गया।

परीक्षा के दौरान प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने निरन्तर निगरानी रखी। उपायुक्त रवि आनंद ने चतरा शहरी क्षेत्र के चार प्रमुख परीक्षा केंद्रों—एसएस गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, नाजरेथ स्कूल तथा डीएवी पब्लिक स्कूल—का औचक निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने संचालन, सुरक्षा और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे।

परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न होने पर उपायुक्त ने गहरी संतुष्टि व्यक्त की और सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों, पुलिस बल और कर्मियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

— Akash Bharti

स्थानीय

झारसुगुड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह



झारसुगुड़ा शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष का भव्य समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर संघ के विभिन्न इकाइयों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक सत्र और सामाजिक कार्यों का आयोजन किया।

और कई स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान संघ के इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

इस उत्सव ने नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को पुनः सुदृढ़ किया। स्थानीय मीडिया ने इस आयोजन को व्यापक रूप से कवरेज दिया।

— Ajay Kumar

देश

जम्मू-कश्मीर में 9 नवंबर तक शुष्क मौसम रहने की संभावना है। ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर में 9 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

— Nazir Ahmad Sofi

देश

एनसी की चूक के बीच आगा रुहुल्लाह मेहदी के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए एनपीआईसी की भीड़ उमड़ी।

तस्वीरें: एनसी संकट के बीच आगा रुहुल्लाह मेहदी के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए भीड़ उमड़ी

— Nazir Ahmad Sofi

यात्रा

Need24

गणेश जी और शंकर जी जहां रहते तो वहां का स्थान और कुंड और जंगल बहुत सारे खूंखार डरावनाजंगल

— ll.Mahendra jatav 07.ll

देश

गायों के लिए चारा नहीं है

आश पास के इलाकों में बरसात इस बार नहीं आई

हर गांव ढाणी मुश्किलों का सामना करना पड़ता हैं

— Thana Ram

जीवनशैली

Headlines

शाहरुख़ ख़ान ने पूरी की फैन्स की मन्नत, बर्थडे पर झलक पाने आए फैन्स को कुछ यूं दिया रिटर्न गिफ़्ट!

— Ravi Kumar

स्थानीय

यॉम्ना नदी

यॉम्ना नदी के बारे में संक्षिप्त जानकारी।

यह एक नदी है।

इसकी विशेषताएँ और महत्व पर और जानकारी उपलब्ध नहीं है।

— Md Imran